कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 226 /शैक्षिक/2026 दिनांक : अप्रैल 22, 2026

समस्त विभागाध्यक्ष,
एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

कृपया अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2025–26 के सम सत्रीय परीक्षाएँ दिनांक 02/05/2026 से 20/05/2026 तक होना नियत है। उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि **दिनांक 25/04/2026 को आधार मानते हुए,** अपने विभाग में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राओं की विषयवार उपस्थिति विवरण सूची, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, शैक्षिक अनुभाग में **दिनांक 27/04/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में हार्ड कॉपी में** अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही, समस्त विभागाध्यक्ष यह भी सुनिश्चित करें कि जिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, उनकी विषयवार सूची विभागीय सूचनापट्ट पर प्रदर्शित कराते हुए संबंधित विषय शिक्षकों के माध्यम से छात्रों को व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया जाए। सूचियाँ निम्न तीन श्रेणियों में पृथक-पृथक तैयार की जाएँ:

सूची–1 : ऐसे छात्र-छात्राएँ जिनकी उपस्थिति 60 प्रतिशत से 75 प्रतिशत के मध्य है तथा जिन्होंने वैध एवं वास्तविक चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र (Medical Certificate) की मूलप्रति प्रस्तुत की हो।

सूची–2 : ऐसे छात्र-छात्राएँ जिनकी उपस्थिति 60 प्रतिशत से कम है तथा उनके द्वारा वैध एवं वास्तविक चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र (Medical Certificate) की मूलप्रति प्रस्तुत की गयी हो।

सूची–3 : ऐसे छात्र-छात्राएँ जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है तथा उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र (Medical Certificate) प्रस्तुत न किया गया हो।

LIST OF STUDENT WHO HAVE LESS ATTENDANCE
NAME OF THE SUBJECT-
SUBJECT CODE-

S.no.	Program & branch	Roll no.	Student name	Semester	Total lectures	Lectures attended	% attendance
1							
2							
3							
4							

चिकित्सकीय आधार पर उपस्थिति में अधिकतम 15 प्रतिशत की छूट दिए जाने हेतु छात्र-छात्राओं की विषयवार सूची स्पष्ट संस्तुति के साथ निर्धारित प्रारूप में अधिष्ठाता, स्कूल के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- समस्त अधिष्ठाता, स्कूल्स, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

2- परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

3- विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय एच0बी0टी0यू0, कानपुर के संज्ञानार्थ।

V. Dixit
22/04/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप